संसद सदस्यों ने श्रीमती इन्दिरा गांधी को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 19 नवम्बर, 2020: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष श्री ग़ुलाम नबी आजाद; संसद सदस्यों और पूर्व संसद सदस्यों ने आज श्रीमती इन्दिरा गांधी की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

लोक सभा की महासचिव, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव, राज्य सभा के महासचिव, श्री देश दीपक वर्मा, एवं सचिव, लोक सभा सचिवालय श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किये।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित श्रीमती इन्दिरा गांधी के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, श्री आर. वेंकटरमन ने 19 नवंबर, 1987 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में श्रीमती इन्दिरा गांधी के चित्र का अनावरण किया था।